हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शनिवार, 23 दिसंबर 2023

तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

11 सहकारी संस्थाओं का संचालक मंडल भंग, प्राधिकृत...



12 जिले के ग्रामीण इलाकों में पहुंची विकसित भारत संकल्प...





## खबर संक्षेप

### घीना में आज से मानस गान व व्याख्यान स्पर्धा

**बालोद।** घीना में अर्जुन्दा तीन दिवसीय मानस गान एवं व्याख्यान प्रतियोगिता का आयोजन 23 दिसम्बर से किया गया है। तुलसी संगम मानस मंडली समिति के सचिव नरेंद्र निषाद ने बताया कि 25 दिसम्बर तक चलने वाली इस प्रतियोगीता में दूर–दूर से अंचल की मंडलियां अपनी संगीतमय प्रस्तुति देने आएंगे। पहले दिन 2 मंडलियां प्रस्तुति देंगी, वही दूसरे व तीसरे 8 – 8 मंडलियां अपनी प्रस्तुति देंगी। विगत 25 वर्ष से घीना में समस्त ग्रामवासी व तुलसी संगम मानस मंडली समिति के संयुक्त तत्वावधान में रामायण मेले का आयोजन होता है।

### कबीर सत्संग समारोह बाजार चौक पेंवरो में आज से

**गुरूर।** कबीर पारख प्रचार समिति ग्राम पेंवरो द्वारा तीन दिवसीय सद्गुरू कबीर सत्संग समारोह 23 दिसंबर से बाजार चौक में किया जाएगा। समारोह का समापन 25 दिसंबर को होगा। जिसमें प्रमुख प्रवक्ता संत कबीर आध्यात्म संस्थान विशाल नगर निष्ठा साहेब, संत कबीर राष्ट्र निर्माण संघ स्वामी रणजीत साहेब रहेंगे। साथ ही संगीतमय कबीर भजन की प्रस्तुति के लिए सतेन्द्र साहेब देंगे। कार्यक्रम मे प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक भजन प्रवचन होगा। दोपहर 3 बजे से 5:30 बजे तक भजन प्रवचन व रात 7:30 बजे से 9:30 बजे तक संगीतमय कबीर भजन होगा।

### लोहार समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन कल

**बालोद।** छत्तीसगढ़ विश्वकर्मा झरिया लोहार समाज द्वारा जिला स्तरीय युवक युवती परिचय सम्मेलन एवं महासम्मेलन का आयोजन 24 दिसंबर को विश्वकर्मा भवन बंजारीधाम जुंगेरा मे किया जा रहा है। इसमे समाज के प्रदेश स्तर के सभी इच्छुक प्रतिभागी सम्मिलित हो सकते है। आयोजक जिला अध्यक्ष कोमल सिंह विश्वकर्मा, महासचिव सोहन, प्रवक्ता ब्यासनारायण, ब्लाक अध्यक्ष उत्तरा कुमार, ब्लाक अध्यक्ष लीलाधर, ब्लाक अध्यक्ष पोशू राम उपस्थित रहेंगे। जिला स्तरीय पदाधिकारियों में संरक्षक राम विश्वकर्मा, कोमल सिंह , अध्यक्ष धन्नाराम विश्वकर्मा, सलाहकार बली राम, महासचिव सोहन लाल, उमेश कुमार का विशेष सहयोग रहेगा।

### बड़भूम में 25 को मड़ई-मेला

**गुरूर।** ग्राम बड़भूम में 25 दिसम्बर को मड़ई-मेला का कार्यक्रम रखा रखा गया है। ग्राम विकास समिति अध्यक्ष साधू राम कुरैटी ने बताया कि रात्रि में लोगों के मनोरंजन के लिए उसरवारा (खुंदनी) का कार्यक्रम रखा गया है।

### श्याम के मंत्री बनने से कलार समाज में हर्ष



**डौंडी लोहारा।** भाजपा के विष्णु देव साय सरकार में मनेन्द्रगढ़ के विधायक श्याम बिहारी जायसवाल को मंत्री मंडल में शामिल किये जाने पर छत्तीसगढ़ के कलार समाज के लोगों में हर्ष व्याप्त है। डौंडी लोहारा के कलार समाज के पदाधिकारियों ने श्री जायसवाल को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कर भाजपा के केन्द्रीय व राज्य संगठन तथा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है। जिसमें प्रमुख रूप से कलार महासंघ छत्तीसगढ़ के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र जायसवाल, मंडल डौंडी लोहारा के मंडलेश्वर कंवल सिन्हा, सचिव मोहन लाल सिन्हा, कोषाध्यक्ष हीरा लाल सिन्हा, भाजपा मंडल अध्यक्ष रूपेश सिन्हा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खण्ड ▶▶ शेष पेज 10 पर

# प्राथमिक और माध्यमिक विभाग में कसहीकला रहा ओवरआल प्रथम

## प्राथमिक शाला डेंगरापार, माध्यमिक शाला घीना द्वितीय स्थान पर रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

■ संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में 14 शाला ने लिया भाग

संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता ग्राम कसहीकला में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में कसहीकला ओवरआल प्रथम रहा।प्रतियोगिता में दौड़, गोला फेंक, खो- खो, कबड्डी सहित अन्य प्रतियोगिताएं हुईं।

क्रीडा का शुभारंभ मुख्य अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत कसहीकला भुनेश्वरी ठाकुर एवं अध्यक्षता प्राचार्य शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल घीना एमएल ठाकुर व प्रधान पाठक पैनगंगा देशमुख ने किया। अतिथि कार्तिक राम रात्रे, जितेंद्र कुमार कुर्रे व परमानंद साहू उपस्थित थे। प्रतियोगिता में 9 प्राथमिक शाला एवं 5 माध्यमिक शाला ने भाग लिया। कोविड–19 के पश्चात पुनः खेलों का आयोजन बच्चों में उत्साह भर दिया था। बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में माध्यमिक विभाग दौड़ 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर के साथ गोला फेंक, लंबी कूद, ऊंची कूद, रस्सी कूद आदि खेल के साथ प्राथमिक विभाग सुई धागा, गोली चम्मच, त्रिटंगी दौड़, आलू दौड़, फुगड़ी आदि व्यक्तिगत खेलों का आयोजन किया गया और विजय प्रतिभागियों को इनाम वितरण भी किया गया किया गया। इस प्रकार सामूहिक खेल के रूप में खो–खो, कबड्डी, रस्सा खींच, रिले रेस आदि खेल का आयोजन भी हुआ। इसके साथ सांस्कृतिक ▶▶ शेष पेज 10 पर





ये रहे विजेता- प्रतियोगिता में तीन बच्चों ने चैपिंयन स्थान प्राप्त किया। प्राथमिक विभाग से ठाकुर राम कसहीकला, माध्यमिक विभाग से कुमारी गुनेश्वरी कसहीकला, संतोष कुमार घीना रहे। स्कूलों का प्रदर्शन में माध्यमिक विभाग कसहीकला प्रथम स्थान पर माध्यमिक शाला घीना द्वितीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार प्राथमिक विभाग में प्राथमिक शाला कसहीकला प्रथम स्थान पर एवं शासकीय प्राथमिक शाला डेंगरापार द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

## विरोध : सरपंच, सचिव पर शासकीय राशि की बंदरबाट का आरोप

# सीईओ-तहसीलदार की समझाइश के बाद ग्रामीणों ने खोला पंचायत भवन का ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडी

■ हिसाब मांगने पर सरपंच नहीं पहुंचे थे ग्रामसभा में

सरपंच व सचिव पर शासकीय राशि के बंटरबाट का आरोप लगाते हुए ग्राम पंचायत छीदगांव के ग्रामीणों ने गुरूवार को पंचायत भवन में ताला जड़ दिया था। इसकी सूचना मिलने पर आज पंचायत विभाग के सीईओ, तहसीलदार और थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने नाराज ग्रामीणों से चर्चा कर उनका गुस्सा शांत कराया और समझाईश देकर पंचायत भवन का ताला खुलवाया। अधिकारियों ने 28 तारीख को ग्रामसभा में ग्रामीणों को अपनी बातों को रखने कहा।

ज्ञात हो कि छीदगांव की घटना की जानकारी पंचायत विभाग के उच्चाधिकारियों तक पहुंची। इसके बाद आज एडिशनल सीईओ, तहसीलदार ग्राम छीदगांव पहुंचे थे। सीईओ द्वारा नाराज ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया गया, मगर ग्रामीण अपनी ▶▶ शेष पेज 12 पर

## सरपंच की अनुपस्थिति पर भड़के ग्रामीणों ने जड़ा था पंचायत भवन में ताला



### शासकीय राशि की बंदरबाट का आरोप

ज्ञात हो कि आदिवासी ब्लॉक डौंडी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत छिंदगाव में ग्राम सभा में सरपंच के अनुपस्थित से नाराज होकर बार-बार सरपंच को बुलाने पर नही आने से भड़के ग्रामीणों ने ग्रामसभा को रोककर पंचायत भवन में तालाबंदी कर दिया था। पंचायत भवन के बाहर आज दूसरे दिन भी बड़ी संख्या में ग्रामवासी एकजुट नजर आए। अपनी बातों में अड़े ग्रामीणों का कहना था की सरपंच और सचिव द्वारा शासकीय राशि का बंदरबाट किया है। इसका हिसाब ग्रामसभा में मांगने पर अनुपस्थित रह कर अपने कारगुजारी पर पर्दा डालने की कोशिश कर रहे हैं।

### 8 लाख की राशि का होगा हिसाब

ग्रामीण भाजपा नेता पवन साहू, मनोहर साहू ने बताया की सरपंच द्वारा पंचायत विकास की राशि जी की लगभग 8 लाख की है। जिसे बिना कार्य कराए फर्जी तरीके से अपने चहेते सप्लायर के नाम से आहरण कर दिया गया है। जब तक पूरे कार्य का हिसाब नही होगा, हम आंदोलन करेंगे। शासन के पैसे का गबन करने वालों पर कानूनी कार्यवाही की जानी चाहिए। इस संबंध में सरपंच से बात करने पर बताया कि 28 को ग्रामसभा में ग्रामीणों को पूरी जानकारी उपलब्ध करा देंगे।

### लेखा-जोखा देने में आनाकानी

ग्रामीणों का कहना है कि पिछले ग्रामसभा में सरपंच से ग्राम में हुए विकास कार्य के नाम पर आहरित राशियों का लेखा जोखा मांगा गया था। जिसके संबंध में सरपंच द्वारा पूरा ब्यौरा दिया जाना था, लेकिन सुबह 11 बजे से सभी ग्रामवासी सहित सरकारी कर्मचारी, सचिव, वन विभाग के अधिकारी, कृषि विभाग के अधिकारी, सभी सरपंच के आने का इंतजार करते रह गए। बार-बार फ़ोन लगाने के बाद भी सरपंच द्वारा फ़ोन नही उठाया गया। जिससे प्रतीत होता है कि सरपंच के पास कोई लेखा-जोखा नही है और सरपंच ने आहरित राशि को गबन कर लिया है। इन्हीं आरोपों को लेकर सरपंच के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी हुई थी।

## केंद्र सरकार की योजनाओं का लोगों को दिलाएं लाभ




**दल्लीराजहरा।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी शीतल चंद्रवंशी द्वारा चुनाव पश्चात सभी विभागों के कार्यों की समीक्षा बैठक 21 दिसंबर को ली गई। बैठक में शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं पर प्रगति लाने के निर्देश दिए। विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर के बारे में बताया कि केंद्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं का जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत की गई है। शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना, विश्वकर्मा योजना, पीएम स्वनिधि योजना, आयुष्मान भारत, आधार कार्ड, मुद्रा लोन, उज्ज्वला योजना,पेंशन योजना एवं अन्य केंद्रीय योजनाओं की जानकारी व क्रियान्वयन शिविर में प्रदान की जाएगी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी शीतल चंद्रवंशी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य भारत को विकसित भारत बनाना है और यह तब संभव होगा जब सबका विकास होगा। उन्होंने केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए उसका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

**वार्ड क्रमांक 20 व 22 में आएगी 29 दिसंबर-** दल्ली राजहरा नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत 29 दिसंबर को वार्ड क्रमांक 22 जैन भवन चौक में प्रातः 8 से 12 बजे एवं वार्ड क्रमांक 20 गांधी चौक में दोपहर 2 से शाम 6 बजे पूरे दिवस विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन किया गया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी शीतल चंद्रवंशी द्वारा अपील की गई है कि उक्त में आकर केंद्रीय योजनाओं का लाभ उठाएं।

# वादे के अनुसार भाजपा विवाहिताओं को दे 12 हजार सालाना : संगीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर



■ बिजली बिल हॉफ योजना को बंद न करे सरकार

भाजपा ने प्रत्येक विवाहित महिला को 12000 रूपये देने का चुनावी वादा किया था। अब सरकार प्रदेश की प्रत्येक विवाहित महिला को 12000 रूपये महीना दे। भाजपा सरकार उसमें नियम, शर्ते न लगाए। प्रदेश की प्रत्येक विवाहित महिला को प्रतिवर्ष यह राशि पाने का अधिकार है।

संजारी बालोद विधानसभा की विधायक संगीता सिन्हा ने विधानसभा में बजट प्रस्तावो में चर्चा करते हुए उक्त मांगे की। संगीता सिन्हा ने कहा भाजपा ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में प्रदेश की प्रत्येक विवाहित महिला को 12000 रूपये सालाना देने का वादा किया है। इसलिए प्रदेश की प्रत्येक विवाहित महिला को 12000 रूपये सालाना पाने का हक है। भाजपा सरकार नियम-शर्ते लगाकर अपने वादे से मुकरने का काम न करे। संगीता सिन्हा ने कहा कांग्रेस सरकार में बिजली बिल हॉफ योजना के तहत 42 लाख परिवारों को इसका सीधा लाभ मिल रहा था, सरकार इसे बंद न करे। संगीता सिन्हा ने कहा बिजली बिल हॉफ योजना से गरीब परिवार को बहुत राहत मिली थी। इसे सरकार लगातार जारी रख गरीब परिवार के हित संरक्षण का कार्य करे, इसे बंद करने से गरीब परिवार पर बड़ा आर्थिक बोझ बढ़ेगा। संगीता सिन्हा ने विधानसभा मे चर्चा करते हुए मांग की कि भाजपा सरकार दो साल का बकाया ▶▶ शेष पेज 10 पर

### जिले में 3 लाख क्विंटल से ज्यादा धान खरीदा गया

**बालोद।** जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2023–24 के अंतर्गत धान खरीदी का कार्य निरंतर जारी है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिले में कुल 1 लाख 49 हजार 194 किसानों ने धान विक्रय हेतु पंजीयन कराया है। जिसमें से अब तक 74 हजार 920 किसानों द्वारा कुल 3 लाख 3 हजार 497 मैट्रिक टन धान विक्रय किया गया है। जिसकी कुल राशि 665 करोड़ 28 लाख रुपए है। उन्होंने बताया कि अब तक 2 लाख 42 हजार 392 मैट्रिक टन धान हेतु डीओ जारी किया गया है। जिसमें से 1 लाख 79 हजार 270 मैट्रिक टन का धान उठाव कर लिया गया है। उपार्जन केन्द्रों में 1 लाख 24 हजार 227 मेट्रिक टन धान शेष है। उन्होंने बताया कि आगामी खरीदी दिवस हेतु 5230 किसानों के लिए टोकन जारी किया गया है, जिसमें कुल 19,977 मेट्रिक टन धान की खरीदी की जाएगी।

# अवैध शराब बेचने वाले 5 गिरफ्तार












हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा

■ आम जगहों पर शराब पीने वाले भी पकड़े गए

राजहरा थानांतर्गत अवैध शराब एवं जुआ, सट्टा के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत 20 दिसंबर को नगर में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले तथा आम जगह पर शराब सेवन करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई की गई। अभिमयान के दौरान आरोपी कुशल देवांगन पिता प्रीत राम देवांगन उम्र 48 वर्ष साकिन वार्ड क्रमांक 26 राजहरा थाना राजहरा को घटना स्थल वार्ड क्रमांक 20 गांधी चौक राजहरा के पास अवैध रूप से शराब बिक्री करते पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 20 नग देशी प्लेन शराब जुमला 3600 एमएल कीमती 1600 रुपए पकड़ा गया। शराब बिक्री की नकदी रकम 400 रुपए जुमला कीमत 2000 रुपए जब्त किया गया। आरोपी के विरूध्द धारा 34(1) क, ख आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। मोहन कुमार राणा पिता जगमोहन सिह उम्र 32 वर्ष साकिन वार्ड क्रमांक 14 राजहरा थाना राजहरा को वार्ड क्रमांक 13 दशहरा मैदान के पास आम जगह पर शराब सेवन करते पकड़े जाने पर आरोपी के विरूध्द धारा 36 (च) 1 आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया। इनके अलावा आरोपी खेमकुमार ▶▶ शेष पेज 10 पर

## भूमि पूजन के साथ ही शुरू हो गया निर्माण कार्य

# नाड़ी वैद्य देशमुख ने स्कूल में कक्ष निर्माण के लिए दान किया 8 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बंगला

बालोद जिले के ग्राम भेड़ी (सुरेगांव) निवासी संत गुरुदेव बीरेंद्र कुमार देशमुख ने सेवा भाव और परोपकारी का एक अनूठा उदाहरण पेश किया है। उन्होंने अपने खर्चे से दुर्ग जिले के ग्राम नवागांव (पुरदा) में एक स्कूल कमरा बनवाकर देने की न केवल पेशकश की है, बल्की इसका भूमिपूजन भी उन्होंने किया। श्री देशमुख का कहना है कि ईश्वर ने जो दिया है उसे वह विभिन्न रूपों में लोगों को ही वापस कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने बच्चों को कई प्रेरणादाई संस्मरण सुनाए।

सेवाभावी के लिए प्रसिद्ध वीरेंद्र कुमार देशमुख ने अपने सेवाभावी कार्यों की कड़ी में एक और कड़ी जोड़ दी है। शिक्षा व स्वास्थ्य के लिए सहयोग करने की योजना के तहत वे ग्राम नवागांव में अपने खर्चे से छत्रपति शिवाजी महाराज कक्ष का निर्माण ▶▶ शेष पेज 10 पर





### स्वच्छ धरा की टीम ने किया स्वच्छता के लिए प्रेरित

आयोजित कार्यक्रम में स्वच्छ धरा की टीम समिति के प्रमुख नवनीत हरदेल के नेतृत्व में पहुंची। नवनीत हरदेल ने देश में चलाए जा रहे स्वछता अभियान को लेकर बच्चों को जानकारी दी। साथ ही स्वच्छता का महत्व बताते हुए स्वच्छता को लेकर हमेशा जागरूक रहने की बात कही। उन्होंने कहा कि हम रास्ता चलते या घर पर हों जहां कहीं पर भी कचरा देखें उसे रास्ते से हटाए और एक जगह उसे एकत्रित करने की कोशिश करें। टीम में संयोजक ऋषि प्रसाद देशमुख, भीषम देशमुख, लीलेश्वर देशमुख, पीतांबर चंद्रवंशी, तोमेश देशमुख, मुकेश देशमुख आदि मौजूद रहे।

### जो भी लिया यहीं लिया जो भी दिया यहीं दिया

स्कूल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री देशमुख ने बच्चों को कई उदाहरणों से प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हम इस दुनिया में आए हैं तो कुछ भी लेकर नहीं आए। जो भी लिए यहीं से लिए और जो भी देना है यहीं देना है। उन्होंने बताया कि उनके पास इलाज के लिए आने वाले लोगों से एक सप्ताह की दवाई जब वह देते हैं तो दवाई के खर्च के अलावा सिर्फ 10 रुपए लेते हैं। इस तरह एक महीने की दवाई में दवाई के खर्च के अलावा सिर्फ 40 रुपए ही लेते हैं और जो पैसे लेते हैं उसे वह हमेशा दान और परोपकारी कार्य में लगाते हैं। उन्होंने बताया कि इससे गरीब बच्चियों की शादी में सहयोग के रूप में हमेशा बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं।

### विकसित भारत यात्रा आज कई ग्रामों में पहुंचेगी

**बालोद।** केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से बालोद जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन का क्रम निरंतर जारी है। इसके अंतर्गत 23 दिसम्बर को बालोद विकासखण्ड के ग्राम बघमरा में सुबह 10 बजे एवं ग्राम टेकापार में दोपहर 2.30 बजे तथा डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम नाहंदा में सुबह 10 बजे एवं ग्राम खपराभाट में दोपहर 2 बजे शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम गोडेला में 10 बजे एवं भिलाई में दोपहर 2 बजे शिविर का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार शिविर के सफल आयोजन हेतु सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई है। शिविर में ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।

पाठक सूचना
बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप



### जेसीआई के नए सदस्यों का किया सम्मान, बांटी किट

**रायपुर।** जेसीआई रायपुर संस्कार द्वारा सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में गत दिनों शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में अध्यक्ष जेएफएम अंकित चौधरी ने वर्ष 2023 के सालभर सक्रिय रहकर जेसीआई के लिए कार्य करने वाले सदस्यों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। साथ ही नए सदस्यों को किट वितरित की गई, जिसमें जेसीआई के बारे में जानकारी का साहित्य उपलब्ध कराया गया। जेसीआई में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सर्वोच्च सम्मान कमल पत्र से जेसी एचजीएफ प्राची प्रेमानी को सम्मानित किया गया। साथ ही नए बने सदस्यों को जेसीआई जोन 9 के पूर्व मंडल अध्यक्ष जेसीआई सीनेटर अमिताभ दुबे ने शपथ दिलाई। साथ ही 2024 के लिए कार्यकारिणी सदस्यों को जेसीआई अध्यक्ष 2024 अंकित चंद्राकर ने भी शपथ दिलाई। कार्यक्रम में अमिताभ दुबे, अंकित चौधरी के अलावा अंकित चंद्राकर, विजय प्रेमानी, जेसी निलेश कुमार शाह, पवन खेमानी, पंकज जादवानी, संदीप थौरानी, जेसी अमित खरे, जेसी चित्रांश चोपड़ा, प्राची जैन, नीता खेमानी, मान्या गजवानी, प्रीति सेन, जेसी हरदीप सिंह होरा, जेसी तरुण प्रेमानी आदि उपस्थित थे।

### गायत्री शक्तिपीठ में नारी जागरण चेतना शिविर आज

**रायपुर।** समता कालोनी स्थित गायत्री शक्तिपीठ में 23 दिसंबर को प्रदेशस्तरीय नारी जागरण चेतना शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में गायत्री परिवार के बहनों के कार्यों की प्रदेशस्तर पर समीक्षा की जाएगी।

गायत्री परिवार की जोन समन्वयक आदर्श वर्मा ने बताया, नारी जागरण के कार्यक्रम में बहनों ने नारी जागरण के कार्यक्रम को प्रदेशभर में सघनता पूर्वक चलाने का संकल्प लिया था, वह कार्य कितना हो पाया है, इस पर चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही गायत्री परिवार आने वाले दिनों में किस तरह से अभियान को गति देगी, इस पर विचार मंथन किया जाएगा। प्रदेश स्तरीय गोष्ठी में विभिन्न जिलों के पदाधिकारी के साथ गायत्री शक्तिपीठ समता कालोनी रायपुर के ट्रस्टी भी मौजूद रहेंगे।

### गीता जयंती पर सामूहिक पाठ आज

**रायपुर।** गीता जयंती के अवसर पर संस्कृत भारती, छत्तीसगढ़ वनवासी विकास समिति द्वारा 23 दिसंबर को सामूहिक गीता पाठ का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम रोहिणीपुरम स्थित शबरी कन्या आश्रम में होगा। सामूहिक गीता पाठ में महाराष्ट्र मंडल की महत्वपूर्ण सहभागिता रहेगी। कार्यक्रम में गीता के सातवें, 12वें और 15वें अध्याय का सामूहिक पाठ किया जाएगा। मंडल की आध्यामिक समिति की प्रमुख आस्था काले ने बताया कि इस कार्यक्रम में सरस्वती ज्ञान मंदिर के 200 छात्र और 30 शिक्षक शामिल होंगे। वहीं ज्ञान सरिता स्कूल, एंजेल कान्वेंट स्कूल, संस्कृत महाविद्यालय, बीरगांव के स्कूल के साथ महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर स्कूल के बच्चे और आध्यात्मिक समिति के सदस्य शामिल होंगे।

### सहकारी प्रबंध में ऑनलाइन पत्रोपाधि पाठ्यक्रम के लिए आवेदन 31 तक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी संघ मर्यादित रायपुर द्वारा संचालित सहकारी प्रशिक्षण केंद्र रायपुर में 1 जनवरी से 16 सप्ताह का सहकारी प्रबंध में पत्रोपाधि पाठ्यक्रम सत्र क्रमांक-7 (ऑनलाइन) प्रारंभ होने जा रहा है, जिसमें प्रवेश के लिए आवेदन पत्र 31 दिसंबर तक जमा कर सकते हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम ऑनलाइन (जूम एप) द्वारा संचालित किया जाएगा। इस ऑनलाइन डिप्लोमा सत्र में प्रवेश के लिए प्रशिक्षण शुल्क 3 हजार रुपए है। डिप्लोमा सत्र में सहकारिता विभाग के उपअंकेक्षक-सहकारी संस्थाओं के कनिष्ठ स्तर के कर्मचारी-प्रायवेट एवं शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियां प्रवेश ले सकेंगे। अभ्यर्थी (10+2) 12वीं परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। स्नातक स्तर के प्रशिक्षार्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

# बाघों की गणना के लिए फेस फॉर मॉनिटरिंग, हर वर्ष ठंड तथा गर्मी में लगाए जाते हैं ट्रैप कैमरे


हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

टाइगर रिजर्व में बाघों के साथ अन्य वन्यजीवों की गणना के लिए वर्ष में दो बार ठंड तथा गर्मी में फेस फॉर मॉनिटरिंग के लिए ट्रैप कैमरे लगाए जाते हैं। राज्य के दो टाइगर रिजर्व अचानकमार तथा उदंती-सीतानदी में साढ़े सात सौ ट्रैप कैमरा लगाए गए हैं। उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में बाघ की जगह अलग-अलग स्थानों पर तेंदुए के साथ अन्य प्रजाति के वन्यजीव ट्रैप किए गए हैं। कुछ इसी तरह की स्थिति अचानकमार टाइगर रिजर्व है। वन अफसरों के अनुसार फेस फॉर मॉनिटरिंग दो माह चलेगा। इससे जंगल में रह रहे वन्यजीवों की गणना करने में मदद मिलेगी। अफसरों के अनुसार ट्रैप कैमरा ग्रेड के हिसाब से लगाए जाएंगे। ट्रैप कैमरा लगाने का काम तीन से चार चरणों में होगा। ट्रैप कैमरा किसी लोकेशन में एक सप्ताह लगाने के बाद उसे दूसरी जगह शिफ्ट कर वनों में रह रहे वन्यजीवों को ट्रैप करने के साथ उनके बारे में जानकारी जुटाई जाएगी। इसके साथ ही ट्रैप कैमरे में कैद वन्यजीवों के संरक्षण, संवर्धन करने उपाय किए जाएंगे।


## अचानकमार, यूएसटीआर में साढ़े सात सौ ट्रैप कैमरे लगाए गए

### उदंती में तेंदुए की संख्या बढ़ी

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर वरुण जैन के मुताबिक ट्रैप कैमरे में अलग-अलग लोकेशन में तेंदुए ट्रैप हुए हैं। अफसर के अनुसार उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में तेंदुए की संख्या में इजाफा हुआ है। सुरक्षा कारणों से अफसर ने तेंदुए की संख्या बताने से इनकार किया है। इसके साथ ही अचानकमार टाइगर रिजर्व में इंडियन गौर (बायसन) अलग-अलग स्थानों पर ट्रैप हो रहे हैं।







### ओडिशा से पहुंचा बाघ अब तक गोमर्डा में

उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व से निकला नर बाघ ओडिशा से होते हुए सारंगढ़-बिलाईगढ़ वन मंडल के गोमर्डा अभयारण्य में पिछले एक सप्ताह से ज्यादा समय से विचरण कर रहा है। अफसरों के मुताबिक पर्याप्त शिकार मिलने की वजह से बाघ अभी गोमर्डा में कुछ समय के लिए और रुक सकता है। इसके बाद बाघ अपने आगे का रास्ता तय करेगा।

### बाघों के लिए एटीआर आसरा

वन अफसर अचानकमार टाइगर रिजर्व में पांच से छह बाघ होने का दावा करते हैं। अचानकमार टाइगर रिजर्व में मध्यप्रदेश, कान्हा से भी बाघ माइग्रेट कर आते हैं। एटीआर में गुरु घासीदास नेशनल पार्क से रेस्क्यू किए गए मादा बाघ को एटीआर में छोड़े जाने के बाद आने वाले दिनों में उस मादा बाघ के माध्यम से बाघों की संख्या बढ़ने की वन अफसरों को उम्मीद है।


## खराब चार्जिंग प्वाइंट को लेकर टीटीई और आरपीएफ को यात्रियों की मिल रही शिकायत

# स्लीपर कोच के खराब हुए चार्जिंग प्वाइंट अब ट्रेनों में झगड़ा इसके लिए अधिक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

ट्रेनों में यात्रियों के बीच इन दिनों झगड़े का प्रमुख कारण चार्जिंग प्वाइंट बना हुआ है। रायपुर से गुजरने वाली दर्जन से अधिक ट्रेनों के स्लीपर कोच में चार्जिंग प्वाइंट खराब हो चुका है। कुछ चल रहे हैं, अब उसमें चार्जिंग करने यात्रियों के बीच झगड़ा बढ़ता जा रहा है। रेलवे को लगातार इसकी शिकायत मिल रही है, लेकिन चार्जिंग प्वाइंट का मेंटेनेंस नहीं किया जा रहा है। इस वजह से टीटीई और आरपीएफ को हर महीने 30 से अधिक शिकायत चार्जिंग को लेकर झगड़े और प्लाइंट खराब होने की मिल रही है।

बिलासपुर- इतवारी, अंबिकापुर एक्सप्रेस, पुणे-हावड़ा समेत गोंडवाना और संपर्क क्रांति के स्लीपर कोच के चार्जिंग प्वाइंट बताए जा रहे हैं। पुराने कोच में शिकायत अधिक है। रेलवे का कहना है कि शिकायत मिलते ही प्वाइंट को ठीक किया जाता है, लेकिन हकीकत में ट्रेन के एक प्लाइंट में 6 से अधिक लोग चार्ज कर रहे हैं। यात्रियों को यहां भी अपनी बारी के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा। नए एसी इकोनामी क्लास में बेहतर सुविधा ट्रेनों में बने, एसी के इकोनामी क्लास कोच में चार्जिंग की सुविधा को बढ़ाई गई है।








### झगड़ों से अब टीटीई भी परेशान

ट्रेन में चार्जिंग प्वाइंट को लेकर हर दिन हो रहे झगड़े से अब टीटीई भी परेशान हैं। उनका कहना है कि रेलवे के अधिकारियों को खराब चार्जिंग प्वाइंट को ठीक करने कई बार अवगत करा चुके हैं, लेकिन कुछ ट्रेनों के प्वाइंट ठीक नहीं हो पा रहे। खासकर स्लीपर कोच में छह सीट पर दो चार्जिंग प्वाइंट होने से लगातार विवाद की स्थिति बन रही है। आमतौर पर रेलवे को सबसे अधिक मिलने वाली शिकायतों में बाथरूम के गंदा होने, पानी न होने और पानी बहने की होती है, लेकिन जोन यात्रियों की शिकायत चार्जिंग प्वाइंट बना हुआ है।

### स्लीपर और एसी कोच से भी शिकायतें

यात्रियों से मिली शिकायत के अनुसार चार्जिंग पाइंट ठीक न होने के कारण बीते दिनों अंबिकापुर एक्सप्रेस में मोबाइल चार्ज करने को लेकर यात्रियों के बीच विवाद हो गया। विवाद ट्रेन में अटेंडेंट के आने के बाद ही शांत हो पाया। रेलवे की वेबसाइट पर शिकायत करने के बाद कुछ समय बाद उसकी मरम्मत कर दी गई। इस तरह की शिकायतें स्लीपर कोच के साथ एसी-3 और एसी-2 कोच से भी आ रही हैं। इस तरह की शिकायत हाल ही में हमसफर में बी 9 में सफर करने वाले यात्री ने चार्जिंग प्वाइंट काम न करने व वाशरूम गंदा होने की शिकायत की थी। माना जा रहा है कि दिनभर में आठ से दस यात्री मोबाइल चार्जिंग को लेकर शिकायत कर रहे हैं। इसके अलावा वाशरूम में पानी न होने की भी शिकायतें होती रही हैं।

# खारुन गंगा महाआरती 26 को, 108 ब्राह्मणों की रहेगी मौजूदगी, गूंजेंगे जयकारे



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

- मुख्यमंत्री को मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने किया आमंत्रित
- सुप्रसिद्ध पार्श्व गायक कैलाश खेर, पंडवानी गायिका उषा बारले देंगी भजनों की प्रस्तुति

मां खारुन गंगा महाआरती महादेव घाट जनसेवा समिति और करणी सेना छत्तीसगढ़ द्वारा 26 दिसंबर को महादेवघाट में खारुन गंगा महाआरती का आयोजन किया जा रहा है। इस महाआरती में वाराणसी और छत्तीसगढ़ के 108 ब्राह्मणों की उपस्थिति में विधि-विधान से खारुन गंगा मैया की आरती की जाएगी। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है।

महादेवघाट में खारुन गंगा महाआरती को भव्य स्वरूप में मनाने की तैयारी आयोजन समिति ने शुरू कर दी है। 26 दिसंबर को मां खारुन गंगा महाआरती के वार्षिकोत्सव के मौके पर बालीवुड के सुप्रसिद्ध पार्श्व गायक पद्मश्री कैलाश खेर सुमधुर गीतों से श्रोताओं को भाव विभोर करने आमंत्रित हैं।

इसके साथ ही अंचल की जानी मानी पंडवानी गायिका पद्मश्री उषा बारले भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति देने कार्यक्रम में शामिल होंगी।

# साइबर अपराधी अब गृहणियों के सोशल मीडिया की फेक आईडी बनाकर लोगों को ठग रहे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

## साइबर सेल के पास दो महीने में 30 फेक आईडी बनाकर ठगी की शिकायत

सोशल मीडिया में खासकर फेसबुक तथा इंस्टाग्राम में फेक आईडी बनाकर पैसों की मांग करने की घटना आम हो गई है। पूर्व में जालसाज अफसर, नेताओं की आईडी बनाकर उनसे पैसों की मांग करते थे, लेकिन उनकी चोरी जल्द ही पकड़ी जाती थी। इस बात को ध्यान में रखते हुए जालसाज अब सामान्य कामकाजी ऐसी महिलाओं की फेसबुक प्रोफाइल पर नजर रख रहे हैं, जो गृहणी है। ऐसी महिलालाओं का साइबर अपराधी फेसबुक प्रोफाइल से फोटो चोरी कर उनकी फ्रेंड लिस्ट में जुड़े लोगों के नाम हैक कर उन्हें फ्रेंड रिक्वेस्ट कर पैसों की मांग कर रहे हैं।

सायबर सेल के अफसरों के मुताबिक उनके पास पिछले दो महीने के भीतर सामान्य कामकाजी गृहणी महिलाओं ने शिकायत दर्ज कराई है कि अज्ञात बदमाश उनके नाम की फेक आईडी बनाकर उनके रिश्तेदार तथा परिचितों से संपर्क कर पैसों की मांग कर रहे हैं। सायबर सेल अफसरों के अनुसार अब तक 30 से ज्यादा फेक आईडी ब्लाक कराई जा चुकी है। गौरतलब है कि सामान्य गृहणी फेसबुक तथा इंस्टाग्राम में अपनी प्राइवेसी को ब्लाक नहीं रखती। इस बात का सायबर अपराधी फायदा उठाते हुए उनकी फ्रेंड लिस्ट में शामिल लोगों से संबंधित महिला की फेक आईडी बनाकर दोबारा फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजते हैं। रिक्वेस्ट स्वीकार करने के बाद मैसेंजर में चैटिंग कर पैसों की मांग करते हैं।

### कस्बाई के साथ ग्रामीण महिलाओं की सक्रियता बढ़ी

गौरतलब है कि सोशल मीडिया के बढ़ते चलन से पिछले एक दशक में कस्बाई के साथ ग्रामीण महिलाओं की सोशल मीडिया में सक्रियता बढ़ी है। उनमें से ज्यादातर महिलाएं सोशल मीडिया में अकाउंट बनाने के बाद लंबे अरसे से अपना सोशल मीडिया अकाउंट ऑपरेट नहीं करतीं। सायबर ठग ऐसी ही महिलाओं की सोशल मीडिया अकाउंट की फेक आईडी बनाकर ठगी करते हैं। अकाउंट बनाने के बाद भूल जाने वाली महिलाओं को उनके नाम के फेक आईडी बनाने की जानकारी तक नहीं रहती। उनका कोई रिश्तेदार संपर्क कर पैसों की मांग करने की जानकारी देता है, तब उन्हें अपने फेक अकाउंट होने की जानकारी मिलती है।



### सावधानी, सतर्कता से ही जालसाजों से निपटा जा सकता है

सायबर सेल के अफसरों के मुताबिक लोगों को अपने फेसबुक अकाउंट को हमेशा लाक रखना चाहिए। इसके अलावा अनजान व्यक्ति का फ्रैंड रिक्वेस्ट को स्वीकार करने से बचने के साथ ऐसे व्यक्ति से आनलाइन संवाद करने से बचना चाहिए। अगर किसी परिचित की आइडी से बीमारी या अन्य किसी कारण से रुपयों की मांग की जाती है, तो उसकी सत्यता की जांच करना चाहिए। फेक आईडी बनाए जाने की जानकारी मिलने पर 1930 पर तत्काल शिकायत दर्ज कराएं। फेक आईडी की आनलाइन राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

### गिरफ्तारी नहीं होने से बढ़ रहे हौसले


फेक अकाउंट बनाकर ठगी करने के मामले में पुलिस शिकायत दर्ज कर फेक अकाउंट को बंद करा देती है, लेकिन फेक अकाउंट बनाने वाले की गिरफ्तारी नहीं हो पाती। इस वजह से जालसाजों के हौसले बुलंद हैं और वे नित नए लोगों के नाम से फेक अकाउंट बनाकर ठगी करने की घटना को अंजाम दे रहे हैं या देने की कोशिश कर रहे हैं।

# ओपन जिम की सेहत खराब, कहीं उखड़ रहे उपकरण तो कहीं नट-बोल्ट ढीले

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

शहर के लोगों की सेहत को फिट रखने नगर निगम ने अलग-अलग वार्डों में स्थित 150 बगीचों में व्यायाम की सुविधा दिलाने अलग-अलग तरह के 11 आधुनिक उपकरण लगाए, पर देखरेख की अनदेखी के चलते ओपन जिम की सेहत खराब हो गई है। कहीं इक्विपमेंट उखड़ने लगे हैं, कहीं पर नट-बोल्ट ढीले होकर लटक रहे हैं, जिनसे कभी भी लोगों को चोट लग सकती है। और तो और, सेहतमंदी के प्रयोजन से लगाए गए आधुनिक उपकरणों में सालों से ग्रीसिंग नहीं कराने से जंग लगने लगी है। लोगों ने इसकी शिकायत वार्ड पार्षद से लेकर निगम मुख्यालय में बैठे आला अफसरों तक की। इसके बाद भी जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे। ठंड के मौसम को सेहत बनाने का सबसे अच्छा मौसम माना गया है। शरीर को स्वस्थ बनाए रखने इन दिनों सुबह से बच्चे, बुजुर्ग व युवा मोहल्ले के बगीचों में जाकर वॉकिंग के साथ एक्सरसाइज के लिए बगीचों में लगाए गए उपकरण का उपयोग कर रहे हैं, पर इन उपकरणों की देखरेख में लापरवाही बरतने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। हरिभूमि ने इसकी पड़ताल की तो पता चला मामूली-सी टूटफूट को भी महीनों तक सुधारा नहीं जा रहा। इक्विपमेंट की मशीनरी में महीनों बीतने के बाद भी ग्रीसिंग तक नहीं हुई।

- फिटनेस के लिए नगर निगम ने तरह-तरह के लगाए थे उपकरण
- सेहत को फिट रखने बगीचों में सुबह-शाम पहुंच रहे लोग



### जनता कॉलोनी का ओपन जिम बदहाल

बालगंगाधर तिलक वार्ड स्थित जनता कॉलोनी पानी टंकी के पास स्थित गार्डन में नगर निगम ने एक्सरसाइज के विभिन्न इक्विपमेंट लगवाए हैं। इनमें से ज्यादातर उपकरण खराब पड़े हैं। लोगों ने तुंहर सरकार तुंहर द्वार शिविर के दौरान इसकी शिकायत आला अधिकारियों के समक्ष की। क्षेत्रीय विधायक से लेकर महापौर और निगम मुख्यालय में बैठे विभागीय अधिकारियों तक एक्सरसाइज के उपकरण को सुधरवाने आवेदन किया, पर आज तक खराब हुए इक्विपमेंट सुधारने कोई नहीं आया। वार्ड पार्षद कामिनी-पुरुषोत्तम देवांगन ने बताया कि 3 साल से ये स्थिति बनी हुई है। इसके साथ प्रयास हॉस्टल के समीप गार्डन में लगाए गए इक्विपमेंट और एकता नगर गार्डन में लगाए गए एक्सरसाइज की मशीनें खराब हो गई हैं।

## पेज 9 के शेष...

### प्राथमिक और माध्यमिक...

गतिविधियों का भी आयोजन हुआ।व्यायाम एवं योग प्रदर्शन भी किया गया। कार्यक्रम के समापन के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य डौण्डी लोहारा फिरंता राम उइके थे। अध्यक्षता एसएमसी अध्यक्ष नरेंद्र कुमार ठाकुर ने किया, अतिथि सरपंच जामवंत पटेल भुनेश्वरी ठाकुर, अध्यक्ष गोपाल साहू व चुरामन विश्वकर्मा, ग्राम प्रमुख गैंदलाल हिरवानी, फिरंगीराम देशमुख, व्यासनारायण देशमुख व राजू लाल साहू उपस्थित थे। संस्था प्रमुख पी देशमुख ने आभार व्यक्त किया। यह जानकारी रूपसिंह रावटे ने दी।

### सीईओ-तहसीलदार...

बातों पर अड़े रहे। इसके बाद तहसीलदार और थाना प्रभारी भी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने उन्हें समझाया कि इस तरह से बात नहीं बनेगी और पंचायत बंद रहने से ग्रामीणों को ही नुकसान होगा। 28 दिसंबर को होने वाली ग्रामसभा में उन्होंने सभी ग्रामीणों से अपनी बात रखने कहा। इसके बाद ग्रामीणों ने अधिकारियों की बात मानते हुए पंचायत भवन का ताला खोल दिया।

**अधिकारियों के बुलावे पर पहुंचे सरपंच-** ग्रामीणों की नाराजगी को देख तहसीलदार हिंसा राम नायक, थाना प्रभारी सुनील तिर्की भी मौके पर मौजूद थे। अधिकारियों ने तत्काल ग्रामीणों से बातचीत करते हुए सरपंच संजय भंडारी को बुलवाया। यहां सरपंच व ग्रामीणों का पक्ष सुनने के बाद आखिर ग्रामीणों ने तहसीलदार और थाना प्रभारी की बात मान कर पंचायत में लगाया ताला खोल दिया। इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि 28 तारीख के ग्रामसभा में सरपंच अनिवार्य रूप से मौजूद रहे।

### वादे के अनुसार...

धान के बोनस के साथ उस बकाया बोनस का बीते 7 सालों का ब्याज भी दे। संगीता सिन्हा ने कहा कि भाजपा ने वादा किया था, धान बोनस देने का धान बोनस नही दिया। भाजपा सरकार अब बोनस दे रही है तो सात सालों का उस बोनस राशि का ब्याज भी दे, जिसका हक किसानों को बनता है।

### अवैध शराब बेचने...

भुआर्य पिता मनोज कुमार भुआर्य उम्र 20 वर्ष साकिन वार्ड क्रमांक 11 राजहरा थाना राजहरा को घटना वार्ड क्रमांक 13 दशहरा मैदान के पास आम जगह पर शराब सेवन करते पकड़े जाने पर आरोपी के विरूध्द धारा 36 (च) 1 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया। आरोपी अशोक कुमार साहू पिता सुंदर लाल साहू उम्र 60 वर्ष साकिन वार्ड क्रमांक 18 मोंगरा दफाई राजहरा व आरोपी बहादुर सोनी पिता केबी सोनी उम्र 50 वर्ष साकिन वार्ड 19 सुभाष चौक राजहरा थाना राजहरा को घटना पुराना बाजार राजहरा आम जगह पर शराब सेवन करते पकड़े जाने पर आरोपियों के विरूध्द धारा 36(च) 1 आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### श्याम के मंत्री...

कार्यवाहक महेंद्र जायसवाल, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश मिडिया प्रभारी हरिश कटझरे, पूर्व युवा मंच अध्यक्ष गौतम सिन्हा, क्षेत्राधिकारी अशोक सिन्हा, पूर्व नगर अध्यक्ष लिलेन्द्र सिन्हा, तहसील कार्यकारिणी सदस्य सुरेन्द्र सिन्हा, सेवक सिन्हा, रामगुलाल सिन्हा, गमेन सिन्हा, नारायण सिन्हा, हीरा सिन्हा, भगवानी राम सिन्हा, शेखर सिन्हा, अंगद सिन्हा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के मंडल अध्यक्ष जगतपाल सिन्हा, हरेश्वर सिन्हा सहित अनेक समाजिक पदाधिकारी शामिल हैं।

### नाड़ी वैद्य देशमुख ने...

कर रहे हैं। शुक्रवार को उन्होंने स्वयं उपस्थित होकर इसका पूजन किया और साथ में काम का ठेका देकर तत्काल प्रारंभ भी करवा दिया। इस अवसर पर सरपंच तारिणी नेताम, समाज सेवी मन्नू लाल देशमुख, प्रभारी प्राचार्य तोमन लाल देशमुख, व्याख्याता मधुबाला सिंह, सुषमा सिंह, भारती वर्मा, चतुर्भुज देवांगन, तिलेश्वर देशमुख प्राथमिक शाला नगपुरा, शैलेंद्र पारकर एचएम प्राथमिक शाला नवागांव, राजेंद्र अहीर प्राथमिक शाला नवागांव, प्रीति कन्नौजे प्राथमिक शाला पथरिया, शिक्षक हेमलता देवांगन, ज्योति ठाकुर आदि उपस्थित थे।

**कई रोगों को दूर करने के लिए हैं प्रसिद्ध-** श्री देशमुख लकवा, वात, कैंसर, अस्थमा सहित कई रोगों को दूर करने की दवाई देते हैं। इसके एवज में लोगों से वे सामान्य शुल्क लेते हैं, जबकि गरीबों की वे निःशुल्क इलाज करते हैं। ग्राम भेंड़ी में एक विशाल मंदिर भी इन्होंने बनवाया है। जहां कामधेनु की विशाल प्रतिमा सहित काली माता की मूर्ति की प्रतिमा विराजित की गई है। यहीं पर वे लोगों का इलाज भी करते हैं। कामधेनु की प्रतिमा बनाने कोलकाता, जगन्नाथपुरी, इलाहाबाद आदि से मिट्टी और बालू लाई गई है। साथ ही पेड़ पौधों की गुदा व विशेष पत्थरों से निर्माण किया गया है।

**नांदगांव में 17 एकड़ में बनेगा आश्रम-** संत गुरुदेव बिरेंद्र कुमार देशमुख ने बताया कि राजनांदगांव में 17 एकड़ में विभिन्न आश्रम खोले जाएंगे। यहां पागलों के इलाज के लिए विशेष सुविधा रहेगी, जो निशुल्क रहेगी। इसके अलावा अमृत आश्रय, मूक बधिर, ध्यान साधना केंद्र, गुरुकुल व गौशाला भी प्रारंभ किए जाएंगे। यह सभी निःशुल्क रहेगा। यहां पर सभी कार्यों का भूमि पूजन भी हो गया है।

### गिरौदपुरी के जैतखाम की झांकी के साथ निकाली गई शोभायात्रा

**रायपुर।** सतनामी समाज द्वारा खमतराई में 2 दिवसीय गुरु घासीदास जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इसके तहत आयोजन के दूसरे दिन दोपहर 2 बजे सतनाम भवन में जोड़ा जैतखाम व गुरु गद्दी की पूजा-अर्चना कर जय सतनाम के जयकारे के साथ सात श्वेत ध्वज वाहक संतों की अगवाई में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में गिरौदपुरी के जैतखाम की हूबहू प्रतिकृति वाली झांकी आकर्षक का केंद्र रही। पिरामिड बनाकर पंथी नृत्य करते हुए नर्तक दल के हावभाव ने लोगों को लुभाया। सुंदर झांकी तथा गुरु बालक दास के सिंहासनारूढ़ वाली झांकी खास रही। शोभायात्रा में स्थानीय लोगों के साथ आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

# सनातन धर्म अनादि है और चिरकाल तक स्थापित रहेगा : पंडित अजय चतुर्वेदी

## आमापारा में श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का चौथा दिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शब्द ही बेधक होते है, शब्द ही तारक होते है, शब्द जीवन को संवारने का माध्यम हो सकता है। पद पाना है तो परमपद प्राप्त करो, लोक के साथ जीवन भी सुधर जाएगा। ईश्वर प्राप्ति की यदि ललक हो जाए तो उसे संसार के सब सुख वैभव फीका लगने लगता है। उक्त बातें पंडित अजय चतुर्वेदी ने नगर के आमापारा में आयोजित श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के चौथे दौरान ध्रुव जन्म व चरित्र की कथा सुनाते हुआ कही। पंडित अजय चतुर्वेदी ने कहा, मंत्र ईश्वर प्राप्ति का साधन व माध्यम है। गुरू द्वारा दिए गए मंत्र का नियम से जप कर ईश्वर को प्राप्त किया जा सकता है। द्वादश मंत्र जीवन को तारने वाला है। पंडित चतुर्वेदी ने कहा सनातन धर्म पूरे जगत में व्याप्त था। सनातन धर्म आदिकाल से है, चिरकाल तक स्थापित रहेगा। उन्होंने कहा जहां जप- तप, धर्म का स्थान होता है, वहां काम लोभ दूर हो जाते है। जिस स्थान से नीति चली जाती है, उस स्थान का वैभव कम होने लगता है। उन्होंने कहा घर में जो है उसमें सब का भाग होता है। रसोई में पहला भाग अग्नि का, दूसरा गौ का, तीसरा आचार्य एवं चौथा अतिथि का भाग होता है।

■ रसोई से पहला भाग अग्नि, दूसरा गौ, तीसरा आचार्य व चौथा अतिथि को दें

### इनका है सहयोग

भागवत कथा में वार्ड 14 पार्षद चमेली साहू, समिति अध्यक्ष हेमबाई वर्मा, उपाध्यक्ष चमनलता यादव, सुनंदा देशमुख, जागेश्वरी हरदेल, ममता यदु, टोनेश्वरी यदु, पूर्णिमा देशमुख, तारा भेड़िया, एस नीलम के साथ पुरुषोत्तम देशमुख, रमेश द्विवेदी, मधुसुदन देशमुख, राकेश भेड़िया, यूएस ठाकुर, अशोक रावत, समीर रावत, चम्पेश्वर यदु, सतीश यादव के साथ वार्डवासियों का सहयोग है।



### आज वामन अवतार व रामकथा प्रसंग

आमापारा शारदा कॉलोनी आम बगीचा में शारदा महिला मण्डल द्वारा श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान सप्ताह का आयोजन 19 दिसंबर से किया गया है। इसका समापन 27 दिसंबर को होगा। भागवत कथा में 23 दिसंबर को वामन अवतार, रामकथा प्रसंग पर कथा सुनाई जाएगी। भागवत कथा मे परीक्षित जागेश्वरी हरदेल एवं ललित हरदेल है। परायणकर्ता पंडित अभिषेक शर्मा हैं।

## खबर संक्षेप



### कुर्मी आइडल नृत्य आज से कुरुद में

अंडा। छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज के प्रांतीय अधिवेशन व कुर्मीसंझा का आयोजन आज व कल 24 दिसम्बर रविवार को पुरानी मंडी कुरूद जिला-धमतरी में होने जा रहा है। युवा संगठन के द्वारा कुर्मी आइडल नृत्य 2023 का आयोजन किया जाएगा। इसमें प्रदेश के सभी जगहों से सामाजिक प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने व अपने प्रतिभा को निखारने के लिए गौरवशाली सामाजिक आयोजन में स्थान दिया जा रहा है। इस आयोजन के लिए नृत्य का आडिशन भिलाई, दुर्ग, रायपुर, कोरबा, बिलासपुर, महासमुंद व अंतिम आडिशन कुरूद में लिया गया। जिसमें प्रमुख रूप से युवा अध्यक्ष योगेश्वर देशमुख, युवा महासचिव कमलेश देशमुख, कुर्मी आइडल के संयोजक व युवा संगठन सचिव प्रदीप देशमुख कोठिया, छत्रपाल बैस जी, खिलेन्द्र चंद्राकर, नेहा चंद्राकर, नमिता चंद्राकर व अन्य सामाजिक गण उपस्थित थे। जिसके बाद चयनित प्रतिभागियों को कुर्मी आइडल नृत्य 2023 में प्रवेश दिया गया है, उनकी सूची जारी किया गया है।

### अनुपूरक बजट में रखा गया महिलाओं, किसानों और बेरोजगारों का ध्यान : चंद्राकर

अंडा। छत्तीसगढ़ की नई सरकार ने वर्ष 2023-24 के लिए प्रथम अनुपूरक बजट रखा। इस बजट में महिलाओं के लिए गरीब वर्ग के किसानों के लिए एवं बेरोजगार को



ध्यान में रखते हुए अनुपूरक बजट प्रस्तुत किया गया है। भाजपा नेता ललित चंद्राकर ने इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि इससे केंद्र की और राज्य की बहुत सारी योजनाओं से गरीब परिवारों को और किसानों को लाभ मिलेगा। छत्तीसगढ़ विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 12,992 करोड़ रूपए से अधिक राशि का द्वितीय अनुपूरक बजट है। किसी गरीब परिवार का चूल्हा अब नहीं बुझेगा, सबको अपना पक्का मकान मिलेगा। श्री चंद्राकर ने कहा कि मोदी जी की गारंटी का मतलब होता है, गारंटी पूरा होने की गारंटी है। हर गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना की पहली किश्त के लिए अनुपूरक बजट में 3799 करोड़ रूपए और दो साल के बकाया धान बोनस के लिए अनुपूरक में 3800 करोड़ रूपए का और महतारी वंदन योजना के लिए 1200 करोड़ रूपए, जल जीवन मिशन हेतु 1230 करोड़ रूपए, कृषक जीवन ज्योति योजना हेतु 1123 करोड़ रूपए का सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना हेतु 307 करोड़ रूपए, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन हेतु 255 करोड़ से ज्यादा राशि का प्रावधान किया है।

## समस्या : शिकारीटोला केंद्र में किसानों को नहीं मिल रहीं निर्धारित सुविधाएं

# सहकारी संस्थाओं का संचालक मंडल भंग, प्राधिकृत अधिकारी हटे, अफसर-कर्मियों की मनमानी शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति कुसुमकसा के धान खरीदी केंद्र शिकारीटोला से खरीदे गए धान के बोरे चोरी होने की शिकायतें मिल रही हैं। खरीदी केंद्र में धान बेचने आए किसानों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। किसानों के लिए पानी पीने की समुचित व्यवस्था नही है और ना ही बैठने की। धान खरीदी केंद्र में किसानों को दी जाने वाली योजनाओं व सुविधाओं के लाभ में भी पलीता लगाया जा रहा है। सहकारी संस्थाओं के संचालक मंडल भंग किए जा चुके हैं। पूर्व में प्रदेश की काँग्रेस सरकार ने प्राधिकृत अधिकारी अध्यक्ष नामित किया था। वर्तमान में भाजपा की नयी सरकार बनते ही पूर्व की समस्त नियुक्ति निरस्त कर दी गई है। ऐसे में अफसर- कर्मियों की मनमानी शुरू हो गई है, जिससे किसानों की समस्या बढ़ गई है।

मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह लगभग 7 बजे कुसुमकसा बस स्टैंड पर ग्रामीणों ने एक व्यक्ति को पिकअप वाहन से तीन बोरा धान उतारते देखा। धान उतारने वाले व्यक्ति पर शंका होने पर बोरी को देखा तो समर्थन मूल्य पर खरीदा जाना लिखा हुआ था। उक्त धान से भरे बोरे के सम्बंध पूछताछ करने पर वह व्यक्ति संतुष्टिपूर्वक जवाब नहीं दिया व धान को छोड़कर फरार हो गया। ग्रामीणों द्वारा आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के पूर्व पदाधिकारी व कर्मचारियों को बस स्टैंड में तीन बोरा धान रखे जाने की जानकारी दी गई।जिसके बाद तीन बोरा धान को खरीदी केंद्र शिकारीटोला ले जाया गया। धान खरीदी केंद्र शिकारीटोला में धान बोरों के बनाए रेक में ऊपर की छल्ली में बोरे कम दिख रहे थे। धान खरीदी केंद्र बाउंड्रीवाल में तार फिनिशिंग जाली के आसपास धान के दाने गिरे हुए थे। जिससे आशंका जताई गई कि बस स्टैंड चौक कुसुमकसा में पकड़ा गया धान का बोरा की चोरी गया होगा। धान खरीदी केंद्र में सीसीटी वी कैमरा लगा हुआ है। रात में चौकीदार भी रहते हैं। धान खरीदी केंद्र में धान का स्टॉक बराबर है या नहीं। तीन बोरा धान मिला है वह कहाँ का है जांच का विषय बना हुआ है।

■ खरीदे गए धान के बोरे की चोरी होने की लगातार मिल रहीं शिकायतें

### आवक- जावक में रहता है अंतर

गौरतलब है कि प्रत्येक साल धान खरीदी केंद्र में धान की मात्रा आवक एवं जावक में भिन्नता पाई जाती है। समिति को नुकसान उठाना पड़ता है। आज भी धान खरीदी केंद्र में रखे धान के बोरो की गिनती की जाए तो निश्चित ही स्टॉक, रजिस्टर व फड़ में रखे बोरो के वजन में अंतर आएगा।



### केंद्र में किसानों के लिए सुविधाओं का अभाव

धान खरीदी केंद्र में प्रतिदिन सैकड़ो किसान व मजदूर पहुंच रहे है किन्तु उनके बैठने के लिये कोई स्थायी व्यवस्था नहीं है। धान बिक्री करने आए किसान व मजदूर धान के बोरों में बैठकर भोजन कर रहे हैं तो वही पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं है। भवन के पीछे पानी की टंकी को भरकर रख दिया गया है, जिस पर ढक्कन भी नहीं है। पानी टंकी की सफाई भी नहीं किए जाने से उसमें रखा पानी भी गंदा रहता है। किसानों के पानी पीने के लिये गिलास,मग्गा भी नहीं रखा गया है। सोसायटी का बोर चालू रहता है जिसमें किसान अपने घर से लाए बर्तन में पानी पीते हैं।

### केंद्र से 150 बोरा धान की चोरी

हरिभूमि ने आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के प्रभारी सहायक समिति प्रबन्धक झग्गू राम पिस्दा से धान खरीदी केंद्र से धान भरे बोरो के चोरी होने के सम्बंध में पूछा तो उन्होंने बताया कि 150 बोरा धान चोरी हुआ है। साथ ही किसानों को धान खरीदी केंद्र में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता ,बैठने की सुविधा, प्राथमिक उपचार हेतु दवाई पेटी सहित अन्य सुविधा के सम्बंध में पूछने पर गोलमोल जवाब देते रहे।

### 40592 क्विंटल धान की हुई खरीदी

मिली जानकारी के अनुसार आदिम जाति सेवा सहकारी समिति कुसुमकसा के धान खरीदी केंद्र शिकारीटोला में 21 दिसंबर तक 1081 किसानों से कुल 40592 क्विंटल धान की खरीदी की गई। जिसमें से मिल को 23620 क्विंटल धान जारी किया गया। धान खरीदी केंद्र के फड़ में 16972 क्विंटल धान स्टॉक में है। खरीदे गये धान की कुल राशि 8,91,45,896 रुपए है। सोसायटी के ऋण वसूली 2,83,57,257/ रुपए है। किसानों को शुद्ध भुगतान 5,74,03460 रुपए किया गया है। 33,86,178 रुपए का भुगतान किसानों को देना शेष है।

### संकुल खेल स्पर्धा में धानापुरी रहा प्रथम

गुरूर। धानापुरी संकुल के अंतर्गत ग्राम खैरडिगी में दो दिवसीय संकुल स्तरीय खेल का आयोजन किया गया। जिसमें 7 प्राइमरी एवं 2 मिडिल स्कूल के 300 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। मीडिल स्कूल धानापुरी 180 अंक लेकर प्रथम, हितेकसा 88 अंक लेकर द्वितीय स्थान पर रहा। प्राथमिक स्तर पर प्राथमिक शाला चुल्हापथरा प्रथम, प्राथमिक शाला खैरडिगी दितीय रहा। मीडिल स्कूल कबड्डी में युवराज एवं साथी धानापुरी प्रथम, बालिका कबड्डी में कांती एवं साथी धानापुरी प्रथम, मीडिल स्कूल हितेकसा दितीय रही। खो–खो हुमेश एवं साथी धानापुरी प्रथम, बालिका खो–खो में टिकेश्वरी एवं साथी धानापुरी प्रथम, रस्सी खीच नोवेन्द्र एवं साथी धानापुरी प्रथम, मीडिल स्कूल हितेकसा द्वितीय, बालिका रस्सी खीच भोजबती एवं साथी धानापुरी प्रथम, हितेकसा द्वितीय रही। रिलेरेस में युवराज एवं साथी धानापुरी प्रथम, हितेकसा द्वितीय, बालिका रिलेरेस में हितेकसा प्रथम, धानापुरी द्वितीय रहा। मिडिल स्कूल धानापुरी से 4 बच्चे चौम्पियन थे। जिसमें दिशा कोर्राम, ईशिका रावटे, पंकच कुमार, भावेश कुमार, डामेश कुमार को चौम्पियन पुरुस्कार दिया गया। प्राथमिक विभाग से बालिका कबड्डी मे ईशा एवं साथी चुल्हापथरा प्रथम,जानवी एवं साथी हितेकसा द्वितीय, बालक कबड्डी निखिल एवं साथी चुल्हापथरा प्रथम, व्यासनारायण एवं साथी आश्रम धानापुरी द्वितीय, रिलेरेस गुलशन एवं साथी चुल्हापथरा प्रथम, मलेश एवं साथी हितेकसा द्वितीय, रस्सी खीच सोमनाथ एवं साथी ओडेनाडीह प्रथम, चन्द्रकांत एवं साथी आश्रम धानापुरी द्वितीय रहे।

## पारंपरिक व्यवसायों से जुड़े शिल्पकारों व कारीगरों का हो रहा पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत जिले के पारंपरिक व्यवसायों से जुड़े शिल्पकारों एवं कारीगरों को सीएससी सेंटर ग्राहक सेवा केन्द्र के माध्यम से पंजीयन किया जा रहा है। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र ने बताया कि पंजीयन पश्चात कारीगरों के पारंपरिक कौशल को निखारने 5 दिनों का निशुल्क कौशल प्रशिक्षण एवं 500 रूपये प्रतिदिन के दर से स्टाइपेण्ड दी जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण पश्चात उन्हें यंत्र एवं औजार हेतु 15,000 रुपए का अनुदान सहायता राशि भी दिया जाएगा। इच्छुक हिग्राहियों को पहले चरण में 1 लाख और दूसरे चरण में 2 लाख का वित्तीय सहायता 05 प्रतिशत व्याज की दर पर बैंक से ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। इस योजना के तहत 18 प्रकार के पारंपरिक व्यवसाय बढाई, नाव चलाने वाले, अस्त्रकार, लोहार, लोहे के औजार निर्माता, तालासाज, सोनार, कुम्हार, मूर्तिकार, संगतराश, चर्मकार (मोची) जूते बनाने वाले, राजमिस्त्री, टोकरी, चटाई, झाडू व पैरदान बनाने वाले, गुड़िया एंव खिलौने बनाने वाले, नाई, मालाकार, धोबी, तथा मछली पकड़ने का जाल निर्माता आदि को सम्मिलित किया गया है। पारंपरिक शिल्पकारों की सहायता हेतु ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकाय में स्थित ग्राहक सेवा केन्द्र में जाकर आधार कार्ड, मोबाइल नंबर, बैंक पासबुक, राशन कार्ड के साथ पंजीयन करा सकते हैं।

■ 18 प्रकार के व्यवसाय किए गए शामिल

## सात दिवसीय शिविर के अंतिम दिन निकाली जागरण रैली




हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

माता कर्मा महाविद्यालय गुंदरदेही एवं स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी विद्यालय कचान्दुर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतिम दिन जागरण रैली निकाली गई। शिविर में दिन की शुरुआत योगा करके की गई। तत्पश्चात परियोजना कार्य शासन द्वारा आदेशित सिंगल यूज प्लास्टिक और साफ सफाई की गई। सात दिवसीय विशेष शिविर के समापन में मुख्य अतिथि सरपंच मंजू महेंद्र सोनकर,विशेष अथिति परसदा सरपंच कुलदीप साहू, टिकेश्वर साहू , पत्रकार संजय साहू ,राजेन्द्र साहू , स्वयंसेवक राकेश साहू, उद्घोषक वेद कुमार, रितेश देवांगन ,संजू चंद्राकर प्राचार्य एम एल देशमुख माता कर्मा महाविद्यालय गुंदरदेही प्राचार्य प्रीति बाला मुले स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय कचान्दुर जिला संगठक लीना साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी रोशनी साहू ने किया। आभार अधिकारी डीगेंद्र साहू ने किया। इस दौरान काशी सोनकर किशोर साहू उपसरपंच, समस्त पंचगण वरिष्ठ स्वयंसेवक मनोज साहू कौशल गजेंद्र दलनायक लोकेश भारती तोशिका रुद्रप्रताप रोशन कुमकुम छाया कुणाल युगल विकास दीपक एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।



## गुरु घासीदास जयंती समारोह व मड़ई देवरी ख में कल

अंडा। सतनामी समाज एवं समस्त ग्रामवासी के तत्वावधान में गुरु घासीदास जयंती समारोह ग्राम देवरी ख में 24 दिसम्बर को गुरु घासीदास जयंती एवं मंडाई मेला का आयोजन किए जा रहें हैं। मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद सोना देवी मानसिंह देशलहरा , अध्यक्षता अध्यक्ष सतनामी समाज देवरी (ख) हनुमानसिंह गायकवाड़ ,विशेष अतिथि नीलकंठ टंडन अध्यक्ष तह. सतनामी समाज गुण्डरदेही, नीतेश कुमार गेंड्रे सामाजिक कार्यकर्ता कोहका भिलाई, मुनीलाल निषाद शहिद दुर्वासा लाल के पिता, खिलेन्द्र कुमार साहू सरपंच ग्रा.पं. देवरी,अंशु बाई गायकवाड़ उपसरपंच होंगे। विशेष अतिथि भेलसिंह साहू पूर्व सरपंच, भूपेन्द्र निषाद पूर्व सरपंच , छन्नूलाल देशमुख अध्यक्ष गौठान समिति , देव कुमार देशमुख होंगे, विशेष अतिथि संजय साहू पत्रकार अण्डा सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहेगें। कार्यक्रम में प्रभातफेरी सुबह 9 बजे से 12 बजे तक ध्वजारोहण, अपरान्ह 4 बजे रंग झमाझम बालिका पंथी, ग्रा. सुखरी जि. बालोद की प्रस्तुति। अतिथि स्वागत अपरान्ह 4.30 से 5.00 बजे तक होगा। अतिथि उद्बोधन -शाम 5 से 6 बजे तक होगा। रात्रिकालिन विशेष कार्यक्रम जय छत्तीसगढ़ महतारी नाचा पार्टी ग्राम कुम्हारी चंपारन, जिला रायपुर की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी अध्यक्ष सतनामी समाज देवरी (ख) हनुमानसिंह गायकवाड़ ने दी।

### दानीटोला में श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ

गुरूर। ग्राम दानीटोला में समस्त ग्रामवासी के सहयोग से संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। पहले दिन शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा नगर के श्रीराम जानकी, गायत्री शक्तिपीठ मंदिर से शुरू हुई। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं व युवतियां एकत्रित होकर विधिवत यज्ञाचार्य के अगुवानी में बाजेगाजे के साथ भ्रमण कर लोगों को कथा स्थल पर आने का संदेश देते हुए तालाब पहुंची। यह धार्मिक आयोजन 30 दिसंबर तक चलेगा। कथावाचक के रूप में सोरीदनगर धमतरी से पहुंचे भगवताचार्य पंडित मनोज दुबे महाराज के द्वारा कथा समय दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक होगी। प्रथम दिन वेदीपूजन, कलश यात्रा, गौकर्ण पूजा हुई एवं शनिवार को कपिल चरित्र, परीक्षित जन्म का श्रवण कराया जायेगा।









# पक्के घर के बारे में सोचना भी एक सपना जैसा था, आज परिवार के साथ आवास में सुखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशानुरूप देश के प्रत्येक व्यक्ति को खासकर के ऐसे परिवारों को जिनके पास निवास करने हेतु खुद का पक्का मकान नहीं है, उन्हें परिवार सहित निवास के लिए अनुकूल आवास प्रदान कराने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना अनेक दृष्टि से हितग्राहियों के लिए अत्यंत लाभप्रद सिद्ध हो रही है। खासकर के समाज के निचले तबके के रोजाना मेहनत मजदूरी कर जीवनयापन करने वाले लोगों के लिए कभी पक्का आवास की कल्पना करना एक सपने जैसा था। लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के सार्थक प्रयासों के फलस्वरूप समाज के सभी लोगों को पक्का आवास प्रदान करने हेतु शुरू की गई यह अत्यंत महत्वाकांक्षी योजना सार्थक साबित हो रही है। इस महत्वाकांक्षी योजना एवं बालोद जिले में इस योजना के सफल क्रियान्वयन के फलस्वरूप बालोद विकासखण्ड के ग्राम पड़कीभाट निवासी खेतिहर मजदूर निरंजन को पक्का आवास मिलने से उन्हें अनेक परेशानियों से मुक्ति मिली है। गरीबी के चलते अपने एवं अपने परिवार के सुरक्षित निवास हेतु पक्का आवास के लिए सोच भी रखना कभी निरंजन के लिए कोरी कल्पना थी। लेकिन बालोद जिले में इस योजना के सफल क्रियान्वयन के फलस्वरूप आज निरंजन एवं उनके परिवार के लिए निवास करने के अनुकूल पक्का आवास का निर्माण हो चुका है। जिसमें निरंजन अपने परिवार के साथ निवास कर खुशहाल जीवन व्यतीत कर रहा है। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के फलस्वरूप स्वयं का पक्का मकान बनने से बहुत ही प्रसन्नचित्त नजर आ रहे निरंजन ने बताया कि इस योजना के फलस्वरूप उनका पक्का मकान बनने से अनेक समस्याओं का निराकरण हुआ है। उन्होंने बताया कि मकान बनने के पूर्व वे अपने परिवार के साथ कच्चा मकान में निवास करते थे। जिसमें बारिश के दिनों में पानी टपकने के अलावा घर में कीड़े-मकोड़े के प्रवेश जैसे अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता था। खपरैल वाले कच्चा मकान में निवास करने के कारण बारिश के दिनों में घर में पानी भरने से बहुत ही दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। इसके अलावा कई बार रात में बारिश होने से जागरण भी करना पड़ता था। लेकिन आज प्रधानमंत्री आवास योजना के फलस्वरूप पक्का मकान बनने से हमारे परिवार कि बड़ी समस्या का निराकरण हुआ है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही ने बताया अनुभव




### प्रधानमंत्री मोदी का जताया आभार

हितग्राही निरंजन ने कहा कि अब हम निश्चिंत होकर अपने परिवार के साथ इस मकान में निवास कर रहे हैं। इसके अलावा अपने छोटे बाल-बच्चों को घर में सुरक्षित छोड़कर समय पर अपने काम पर जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा हमारे जैसे अनेक गरीब लोगों के निवास हेतु अनुकूल आवास प्रदान करने हेतु प्रधानमंत्री आवास योजना की सफल क्रियान्वयन की जा रही है। वह अत्यन्त ही लोक हितैषी एवं जनकल्याणकारी है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भारत सरकार के प्रति विनम्र आभार व्यक्त करते हुए उन्हे हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## खबर संक्षेप



### अनियमित कर्मचारियों को हर माह दें वेतन

**बालोद।** जिले के सभी विभागों के अनियमित कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिलता है। बहुत से ऐसे विभाग हैं, जहां कार्यरत अनियमित कर्मचारियों का वेतन दो माह, 5 माह, 6 महीने के अंतराल में मिलता है7 जिसकी शिकायत बार- बार कर्मचारियों द्वारा की जा रही है। उसकी समीक्षा जिला प्रशासन द्वारा नहीं की जाती। जिसको लेकर आज पुनः जिला अध्यक्ष छत्तीसगढ़ संयुक्त अनियमित कर्मचारी महासंघ भूपेंद्र साहू ने कलेक्टर कुलदीप शर्मा से मुलाकात की। कलेक्टर ने संघ अध्यक्ष को समीक्षा करने की बातें कहीं हैं। कर्मचारियों द्वारा बताया गया है कि 7 दिसंबर 2022 को हर माह समय सीमा में समीक्षा के लिए समस्त विभाग के जिला अधिकारियों को निर्देश दिया गया था। किंतु 1 से 2 बार समीक्षा हुई, उसके बाद बंद हो गई है। अब फिर से जिले के अनियमित कर्मचारियों को समय पर वेतन हर महीना मिल पाएगा, उसकी समीक्षा होगी। इससे अनियमित कर्मचारियों को मानसिक तनाव का सामना नहीं करना पड़ेगा।

### एकलव्य कॉलेज में व्याख्यान माला का आयोजन

**डौंडीलोहारा।** शासकीय एकलव्य महाविद्यालय डौंडी लोहारा में विकसित भारत पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में संस्था प्रमुख प्राचार्य राजू लाल कोसरे के द्वारा विकसित भारत पर व्याख्यान दिया गया। प्राचार्य के द्वारा विकसित भारत कैसे होगा, किस प्रकार होगा इसमें छात्र-छात्राओं की भागीदारी क्या होनी चाहिए? इन समस्त विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। देश के निर्माण एवं अखंडता को बनाये रखने एवं 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने के लिए ऑनलाइन सुझाव विकसित भारत के साइड में अपलोड करने के लिए छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी प्रदीप कुमार खरे सहायक प्राध्यापक इतिहास, डा. ईश्वर लाल खरे, पुरुषोत्तम भुआर्य, अनिल कुमार साहू एवं समस्त स्टाफ गण तथा बड़ी संख्या में महाविद्यालयीन छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### भरदा में आज मड़ई-मेला

**गुरूर।** ग्राम भरदा में आज मड़ई-मेला का आयोजन किया गया है। ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए रात्रि में मां नवा किरण छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी संस्कारी बहू भंडारपुर (राजनांदगांव) की प्रस्तुति होगी।

## शिविर : केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने की पहल

# जिले के ग्रामीण इलाकों में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा, हजारों हितग्राहियों को मिला लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा बालोद जिले के हितग्राहियों को शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं से भी लाभान्वित करने का कारगर माध्यम साबित हो रहा है। इसके अंतर्गत जिले में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविरों में कुल 1112 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड वितरण के अलावा 16 हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्शन प्रदान किया गया। शिविर में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 15 हितग्राही का नवीन पंजीयन किया गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 95 एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 90 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। उल्लेखनीय है कि बालोद विकासखण्ड के ग्राम जुंगेरा एवं खैरतराई और डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम महराजपुर एवं गिधवा तथा गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम गुरेदा एवं तिलखैरी में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हितग्राहियों को केंद्र सरकार के जन कल्याणकारी योजना के अंतर्गत विभिन्न सामग्रियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम स्थल में विभिन्न विभागों द्वारा आम जनता को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने स्टॉल भी लगाया गया था। जिसमें संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा आम जनता को योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। इसके अलावा शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा आम लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाईयॉ भी वितरित की गई। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों के अलावा जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। शिविर में हितग्राहियों को केन्द्र सरकार के विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने के अलावा उन्हें इन योजनाओं से होने वाले लाभ के संबंध में भी जानकारी दी गई। इसके अलावा संबंधित विभाग के अधिकारियों को शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदन भरने आदि प्रक्रियाओं के संबंध में जानकारी दी गई।

### जुंगेरा में लगा शिविर

शिविर में आज बालोद विकासखण्ड के ग्राम जुंगेरा में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 515 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण कर 16 हितग्राहियों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 02 हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 05 हितग्राही का नवीन पंजीयन किया गया। इसी तरह केसीसी ऋण स्वीकृत करने हेतु 03 किसानों का आवेदन लिया गया। इसी तरह ग्राम खैरतराई में आयोजित शिविर में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 300 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण कर 29 हितग्राहियों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अंतर्गत 04 हितग्राही को रसोई गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 04 हितग्राही का नवीन पंजीयन किया गया। इसी तरह केसीसी ऋण स्वीकृत करने हेतु 03 किसानों का आवेदन लिया गया।





### गुरेदा में विभिन्न सामाग्री का किया गया वितरण

इसी तरह गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम गुरेदा में आयोजित शिविर में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 45 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण कर 21 हितग्राहियों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 02 हितग्राहियों का नवीन पंजीयन किया गया। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 03 हितग्राही को रसोई गैस कनेक्शन का वितरण




किया गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 50 एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 49 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। इसी तरह ग्राम तिलखैरी में आयोजित शिविर में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 28 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण कर 19 हितग्राहियों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अंतर्गत 03 हितग्राही को रसोई गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 18 एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 25 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया।

### महराजपुर में सामग्री वितरित

इसी तरह डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम महराजपुर में आयोजित शिविर में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 32 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण कर 12 हितग्राहियों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 04 हितग्राहियों का नवीन पंजीयन किया गया। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 02 हितग्राही को रसोई गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 13 एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 06 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। इसी तरह ग्राम गिधवा में आयोजित शिविर में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 95 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण कर 10 हितग्राहियों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 02 हितग्राही को रसोई गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 14 एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 10 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया।

# शहीद दुर्वासा निषाद महाविद्यालय अर्जुंदा में मनाई गई बाबा गुरू घासीदास जयंती

## रंगोली, पोस्टर और निबंध प्रतियोगिता का हुआ आयोजन






हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुन्दा

शहीद दुर्वासा निषाद महाविद्यालय अर्जुंदा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय में परम्‍ पूज्य संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा जी की जयंती मनाई। सर्वप्रथम परम्‍ पूज्य संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रदीप कुमार प्रजापति ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने समस्त मानव समाज को मनखे-मनखे एक समान का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भाई चारा समानता ऊंच नीच जाति भेद छुआ छूत जैसे विडम्बना को दूर किया। आज उनके बताए संदेश और उपदेश को आत्मसात कर जीवन जीने की जरूरत है। परम पूज्य संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती के अवसर पर उनके जीवन दर्शन पर आधारित महाविद्यालय में रंगोली, पोस्टर और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही इस प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा।

गुरु प्रसाद के रूप में चीला, नारियल खीर और लाइचीदाना और मूंगफली का प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण एवं समस्त स्वयंसेवको उपस्थित रहे।

# ग्राम अंडा में हुई उतई भाजपा मंडल की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम अंडा में उतई भाजपा मंडल की बैठक रेस्ट हाउस में संपन्न हुआ। इसमें जिसमें प्रमुख रूप से दुर्ग ग्रामीण विधानसभा की जीत पर संगठन ने पूरे दुर्ग ग्रामीण के कार्यकर्ताओं को बधाई दी और बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं को प्रणाम किया। इस अवसर पर चुनाव संचालक प्रीतपाल बेलचंदन ने सहकारिता के बारे में विस्तार से बताया। पूर्व मंत्री रमशिला साहू ने महतारी वंदन योजना के बारे में जानकारी दी। जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं को बूथ लेवल तक मजबूत रहने और 2024 में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले कार्यकर्ताओं को चार्ज किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री किसान मोर्चा अजीत चंद्राकर ने किया। अपने उदबोधन मे कहा कि भाजपा की सरकार बनने के बाद फूल छाप कांग्रेसी आने लगे हैं, इनसे सावधान रहना होगा। बैठक में दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, पूर्व मंत्री रमशिला साहू, पूर्व जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, जिला महामंत्री सुरेंद्र कौशिक मंडल अध्यक्ष फते वर्मा, जिला मंत्री रोहित साहू, मंडल प्रभारी दिलीप साहू, महामंत्री उतई मंडल सोनू राजपूत, मुकेश चंद्राकर, दुर्ग जिला किसान मोर्चा महामंत्री अजीत चंद्राकर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मुकेश बेल चंदन, पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल साहू, टीकाराम साहू, लेखू दास साहू, पूर्व जनपद सदस्य राकेश चंद्राकर, पीला रामचंद्राकार, अमित चंद्राकर, लोकेश देवांगन, अजय चौहान, लक्ष्मी नारायण साहू, अगराहिज निर्मलकर रूपेश पारख राजेश साहू चुम्मन चंद्राकर दिलेश निषाद नूतन निर्मलकर विमला कॉमडे ब्रह्मानंद चंद्राकर कांति कुमार साहू नीलम शत्रुघ्न साहू दिलेश्वर साहू महामंत्री हरीश कुमार यादव और राजेश यादव डोमन देवांगन प्रभु बंजारे योगेंद दिल्लीवार बहुत सारे भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# कुर्मी समाज का दो दिवसीय प्रादेशिक अधिवेशन आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज का प्रादेशिक अधिवेशन एवं कुर्मी संझा का दो दिवसीय आयोजन आज से प्रारंभ होने जा रहा है। यह आयोजन पुरानी मंडी परिसर कुरुद जिला धमतरी में आयोजित की गई है। जिसमे बड़ी संख्या में बालोद जिले से समाज के सदस्य एवं पदाधिकारी सम्मलित होंगे। इसको लेकर व्यापक तैयारी की जा रही है। कार्यक्रम में प्रांतीय अधिवेशन के प्रथम सत्र के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष वीएस निरंजन होंगे, कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज के प्रदेशाध्यक्ष एवं दुर्ग सांसद विजय बघेल करेंगे। विशिष्ट अतिथि कुर्मी समाज की राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष लताऋषि चंद्राकर एवं संरक्षक श्याम बैस करेंगे। 23 दिसम्बर के द्वितीय सत्र के मुख्य अतिथि पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं बिल्हा के विधायक धरमलाल कौशिक होंगे तथा अध्यक्षता बलौदाबाजार विधायक टंकराम वर्मा करेंगे। विशेष अतिथि अग्नि चंद्राकर, नीलम चंद्राकर, तारिणी चंद्राकर, कपिल कश्यप व पुष्पेंद्र चंद्राकर होंगे।

